# सुघ्घर पढ़वईया

## दक्षता आधारित प्रशिक्षण संदर्शिका

## हिंदी

## कक्षा 6




राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़

| कक्षा -छठवीं | विषय - हिंदी |
|---|---|
| **दक्षता विवरण** | |
| 1.सुनी/देखी सामग्री पर विचार करते हुए दिए गए प्रश्न का उत्तर मौखिक/लिखित रूप में दे पाते हैं। | |
| **सुझावात्मक गतिविधि** | |

दिए गए गीत को हाव-भाव के साथ पढ़कर बच्चों को सुनाएँ । बच्चों के साथ मिलकर गीत दोहराएँ।

**वर्षा गीत**

अहा-अहा जी वर्षा आई,
पानी की बौछार हैं लाई ।
चम-चम बिजली चमके रे,
बादल कैसे गरजे रे।

**1. गतिविधियाँ-**


1. शिक्षक द्वारा गीत को हाव-भाव के साथ सुनाया जाएगा।
2. बच्चों को बारी-बारी कविता हाव भाव के साथ पढ़ने को कहें।
3. कविता के भावार्थ को बताने हेतु बच्चों को प्रेरित करें।

**2. वर्क शीट -**

दिए गए चित्र पर बच्चा अपनी प्रतिक्रिया मौखिक या लिखित रूप से देगा।




नाव



मछली



तालाब



इन्द्रधनुष

**3. उचित संबंध जोडिए -**

| क्र. | अ | ब |
|---|---|---|
| 1 | तालाब | गर्जना |
| 2 | बिजली | कमल |
| 3 | बारिश | पक्षी |
| 4 | कोकिला | वर्षा |
| 5 | बादल | चमकना |

**4. आकलन -**

(छात्र एक शब्द में उत्तर देंगे)

1. पानी की बौछारें कब पड़ती हैं?
2. बिजली कहाँ/कैसे चमकती हैं?
3. बरसात में कोकिला क्या कर रही होगी?
4. बरसात में भींगने पर कैसा लगता हैं?
5. बिजली चमकने पर आप क्या करते हैं ?

**5. वर्कशीट**

1. नीचे लिखे श्रेणी अनुसार बच्चे जीवों के चित्र बनाएँगे। अपनी बनाई रचना पर अपने विचार लिख पाते हैं।

| | |
|---|---|
| | |
| पानी में रहने वाला जीव | पेड़ पर रहने वाला जीव |
| | |
| जंगल में रहने वाला जीव | घर में रहने वाला जीव |

6. नीचे गोले में दिए गए शब्दों को पढ़कर कौन कहाँ रहता है ? बताइए -

बंदर मछली कछुआ छिपकली

मगरमच्छ साँप शेर

भालू चमगादड़ चूहा

पानी में - .......................... .......................... ..........................

वृक्ष में - .......................... .......................... ..........................

बिल में - .......................... .......................... ..........................

जंगल में - .......................... .......................... ..........................

दीवार में - .......................... ..........................

| कक्षा - छठवीं | विषय - हिंदी |
|---|---|
| **दक्षता विवरण** | |
| 2. विभिन्न स्थानीय, सामाजिक घटनाओं पर अपनी प्रतिक्रिया दे पाते हैं। | |
| **सुझावात्मक गतिविधि** | |

अपने शाला के आस-पास लगने वाले साप्ताहिक बाजार की समीक्षा करना।

**गतिविधि -**

कराए जाने वाले कार्य - साप्ताहिक बाजार का अवलोकन

1. इस गतिविधि के लिए छात्रों को समूह में भी बाँटा जा सकता है।
2. छात्रों द्वारा अपने शाला के आस-पास या गांव में लगने वाले बाजारों में मिलने वाले समान की सूची बनाएँगे
3. छात्रों द्वारा साप्ताहिक बाजार की निम्नलिखित जानकारियों को छात्र शिक्षक के निर्देशानुसार पूर्ण करेंगे -

उदा. ग्राम....................

साप्ताहिक बाजार का नाम.....................

बाजार में लगने वाला दिन..............................

स्थान ............................

स्थायी या साप्ताहिक बाजार का अनुभव ......................................

4. छात्र साप्ताहिक बाजार में मिलने वाली वस्तुओं की सूची बनाएँ-

| क्र. | मिलने वाली सामग्री | गांव में उपलब्ध | अन्य स्थान से मंगायी गई सामग्री | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |
| 5 | | | | |
| 6 | | | | |
| 7 | | | | |
| 8 | | | | |
| 9 | | | | |
| 10 | | | | |

5. बाजार खत्म होने के बाद छात्र पुनः स्थान का अवलोकन करेंगे।

6. अवलोकन के पश्चात प्रतिक्रिया देंगे।

| क्र. | सकारात्मक | नकारात्मक | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

7. इस गतिविधि के आधार पर छात्र साप्ताहिक बाजार की सामग्री, संसाधन आसपास की साफ सफाई आदि के बारे में प्रतिक्रिया देने में सक्षम होंगे।

8. सूची के आधार पर मौसम, मेला इसी प्रकार अन्य की जानकारी तैयार कर पाएँगे।

| कक्षा - छठवीं | विषय - हिंदी |
|---|---|

**दक्षता विवरण**

**1. व्याकरणिक इकाइयां जैसे – विराम चिह्नों, काल, क्रिया आदि का उपयोग कर पाते है।**

**सुझावात्मक गतिविधि 1**

इस गतिविधि में कक्षा को दो समूह में बाँट देंगे -

समूह (अ) समूह (ब)

1. समूह (अ) के लिए किसी कहानी का वाचन कराया जाएगा जो भावपूर्ण किया जाएगा।
2. समूह (अ) के द्वारा भाव के आधार पर, कथन के आधार पर चिह्नों का उपयोग किया जाएगा। इन चिह्नों को श्यामपट पर वाक्यों के संदर्भ में लगाकर शिक्षक द्वारा छात्रों से जानकारी ली जाएगी।

उदा. कब जाएंगे..................................

अहा कितना सुन्दर है...........................

आसपास कितने घर है (योजक का स्थान)

3. समूह (ब) द्वारा पैराग्राफ में उपयुक्त चिह्नों का प्रयोग भी पूछा जाएगा।
4. समूह अ और ब की अंकों के आधार पर समूह की समीक्षा की जाएगी।

**सुझावात्मक गतिविधि 2**

1. हिरण और खरगोश को जब प्यास लगती है, वे नदी की ओर जाते हैं। दोस्त कछुआ उनका इंतजार कर रहा होता है। तीनों हमेशा आपस में मिलते रहते हैं और रोज शाम में जब चन्द्रमा अपनी रोशनी बिखेरना शुरू करता है, तब वे अपने साहसिक कारनामों को सुनाना पंसद करते हैं।

2. खुशी से सोनू नहीं समाए।

पिल्ला एक, पिताजी लाए।।

बच्चों की टोली ने घेरा।

सब कहें यह पिल्ला मेरा।।

- बच्चों को तीन समूह में बाटेंगे ।
- पहला समूह जन्तु जानवरों के नाम बताएँगे ।
- दूसरा समूह , प्रथम समूह द्वारा लिखे गय जानवरों के नाम को लेकर उसकी विशेषता बताएँगे।

3. तीसरा समूह विशेषण युक्त वाक्य बताएँगे ।

**गतिविधि -**

बच्चों को समूह में विभाजित करके अलग-अलग समूह से बारी - बारी प्रश्न पूछ कर नए प्रश्न बनाते हुए गतिविधि को आगे बढ़ा सकते हैं।

सड़क पर सदा बाईं तरफ ही चलना चाहिए यह बात सुनकर सभी बच्चे एक स्वर में बोले –"हाँ। हमें स्कूल में भी यही बताया गया है। यातायात नियमों का पालन सभी को करना चाहिए । सिग्नल में लाल लाईट होने पर रुकना। पीली लाईट होने पर सतर्क रहना और हरी लाईट होने पर आगे बढ़ना चाहिए।"

अब बताओ -

1. सड़क में किस तरफ चलना चाहिए।

2. कौन से रंग की लाईट रुकने का संकेत देती है।

3.यातायात के कोई तीन नियम बताओ।

4. उपर्युक्त पैराग्राफ में से दो क्रिया ढूँढिए और लिखिए ।

# सुघ्घर पढ़वईया

## दक्षता आधारित प्रशिक्षण संदर्शिका

## हिंदी

## कक्षा 7



राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़

| कक्षा -सातवीं | विषय - हिंदी |
| --- | --- |
| **दक्षता विवरण** | |
| 1.पढ़ी/देखी सामग्री पर विचार करते हुए दिए गए प्रश्न का उत्तर मौखिक/लिखित रूप में दे पाते हैं। | |
| **सुझावात्मक गतिविधि** | |

कक्षा सातवीं के बच्चों को किसी उत्सव के अभिनंदन पत्र या किसी आमंत्रण पत्र का चित्र दिखा कर प्रश्न किया जा सकता है, इस गतिविधि के माध्यम से पूर्वज्ञान, वस्तुस्थिति, दिये गए चित्रों के आधार पर बच्चों की समझ को विकसित किया जा सकता हैं।




1. इस गतिविधि में कक्षा को दो समूह में बाँट कर चित्र से संबधित बच्चों के ज्ञान के आधार परअवधारणा को जोड़ा जा सकता है।

| क्र. | समूह अ (छात्रों का नाम) | अवधारणा | समूह ब (छात्रों का नाम) | अवधारणा |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |

1. इस गतिविधि के द्वारा भाषा हिंदी व स्थानीय भाषा की समझ को विकसित किया जा सकता है।
2. इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों में लेखन क्षमता विकसित की जा सकती है।

दी गई सामग्री के आधार पर बच्चों से इस तरह के प्रश्न किए जा सकते  है।

जैसे - उदाहरण -

| क्र. | भाषा | |
|---|---|---|
| 1. | राजधानी | |
| 2. | पर्यटन | |
| 3. | कुल जिले की संख्या | |
| 4. | छतीसगढ़ के नदियों के नाम | |
| 5. | छत्तीसगढ़ी व्यंजन | |
| 6. | छत्तीसगढ़ी त्योहार | |
| 7. | छत्तीसगढ़ी पहनावा | |
| 8. | छत्तीसगढ़ी गहने | |

3. समूह (अ) व (ब) का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए शिक्षक छात्रों से चर्चा करेंगे।
4. छात्रों द्वारा दिए गए प्रतिक्रिया को शिक्षक भाषायी त्रुटियों को सुधारते हुए रिपोर्ट तैयार करेगा।

| **कक्षा -सातवीं** | **विषय - हिंदी** |
|---|---|
| **दक्षता विवरण** | |
| 2. **विभिन्न स्थानीय सामाजिक घटनाओं पर अपनी तार्किक प्रतिक्रिया दे पाते हैं\|** | |
| **सुझावात्मक गतिविधि** | |

**प्रोजेक्ट विधि -:**

छतीसगढ़ लोक परम्परा  विलुप्त होते गहनों के प्रचलन पर प्रोजेक्ट तैयार करना।

**गतिविधि -:**

1. छतीसगढ़ लोक परम्परा आधारित जानकारी प्रोजेक्ट विधि द्वारा दी जाएगी।
2. इस गतिविधि में छात्रों को छोटे-छोटे समूहों में बाँटे दिया जाएगा।
3. सर्व प्रथम समूह को कार्य दिया जायेगा की सभी बच्वें अपने- अपने घर में गहनों से परिचित होंगे व् सूची बनाकर लाएंगे। समूहों द्वारा गहनों की परम्परा व प्रचलन प्रकार कौन-सा हैं? गहना कहाँ पर पहना जाता है? द्वारा शिक्षक जानकारी एकत्र करेंगे।

4. गहनों के नमूने बनाकर प्रदर्शित करेंगे।
5. समूह (अ) और (ब) द्वारा तुलनात्मक सूची तैयार करेंगे।
6. समूह (अ) को दिया गया कार्य -

| क्र. | लोक पारंपरिक गहने के नाम | पहने जाने वाले अंग | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |
| 4 | | | |
| 5 | | | |
| 6 | | | |
| 7 | | | |
| 8 | | | |
| 9 | | | |
| 10 | | | |

7. समूह (ब) को दिया गया कार्य -

| क्र. | आधुनिक गहने के नाम | पहने जाने वाले अंग | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |
| 4 | | | |
| 5 | | | |
| 6 | | | |
| 7 | | | |
| 8 | | | |
| 9 | | | |
| 10 | | | |

8. सूची बनने के पश्चात आपस में चर्चा करें।
9. सूची बनने के बाद श्यामपट का उपयोग कर शिक्षक समूह को अंक प्रदान करें। अ और ब का तुलनात्मक परिणाम बताएँगे।
10. उपर्युक्त गतिविधि के द्वारा छात्र सामाजिक, स्थानीय संस्कृति पर अपनी तार्किक प्रतिक्रिया देने में सक्षम होंगे।

**गतिविधि -**

1. दिए गए चित्र को ध्यान से देखेंगे।
2. शिक्षक के मार्गदर्शन में नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर बच्चे देंगे।



प्रश्न 1. दिए गए चित्र  का और क्या शीर्षक हो सकता हैं  नाम सुझाओ |

प्रश्न 2.अपने पुस्तकालय के दस किताबों के नाम, उनके लेखकों के नाम की सूची बनाओ |

प्रश्न 3. चित्र  के आधार पर चार लाईन की कविता लिखो |

प्रश्न 4. दिए गए चित्र के आधार पर नई कहानी का सृजन करो |

| **कक्षा  -सातवीं** | **विषय - हिंदी** |
|---|---|
| **दक्षता विवरण** | |
| **3. भाषा की बारीकियों पर समझ बना पाते हैं\|** | |
| **सुझावात्मक गतिविधि – 1** | |

1. कक्षा सातवीं के छात्रों के लिए कहानी का वाचन शिक्षक के द्वारा किया जाएगा।
2. सुनी हुई कहानी का सार छात्रों को लिखने के लिए कहा जायेगा छात्रों द्वारा लिखी गई कहानी में विराम चिह्नों की समीक्षा की जाएगी।
3. इसके लिए गतिविधि का भी प्रयोग किया जा सकता है, शिक्षक छात्रों को दो समूह में विभाजित कर देंगे।

इस  गतिविधि में कक्षा को दो समूह में बाँट देंगे-

समूह (अ)     समूह (ब)

1. समूह (अ)  के लिए  किसी कहानी का लेखन  कराया जाएगा । समूह के द्वारा अल्प विराम, पूर्ण विराम, विस्मयबोधक, योजक, विसर्ग , प्रश्न वाचक, संबंध सूचक आदि का चिह्न को चिह्नांकित कर श्यामपट पर बनवाया जाए-
2. समूह (ब)  के द्वारा चिह्नों का प्रयोग क्यों  किया जाता है? वाक्यों का उदाहरण देते हुए चिह्नों के उपयोग  के बारे में बताएं जाएंगे   जाएगे । शिक्षक द्वारा छात्रों से चर्चा भी की जाएगी।

उदा.-  कहाँ जाएंगे.......................... (प्रश्नवाचक चिह्न)

अहा ....................ये तितली है (विस्मयाविबोधक)

आस..........पास कितने घर है (योजक चिह्न)

वाक्यों में अल्प विराम का प्रयोग कहाँ  किया जाएगा (उदाहरण देते हुए)

3. समूह (ब)  द्वारा पैराग्राफ में उपयुक्त चिह्नों का प्रयोग भी पूछा जाएगा।
4. समूह (अ)  और (ब)  की अंकों के आधार पर समूह की समीक्षा की जाएगी।

**गतिविधि 2-**

नीचे गद्यांश को पढ़कर बच्चे अलग - अलग समूह वार प्रश्नों का उत्तर देंगे।
एक बूढ़ा आदमी, जिसके बाल सफेद हो गए थे, जमीन खोद रहा था। रमेश नामक नौजवान ने उस बुजुर्ग को परिश्रम करते देखकर पूछा,''बाबा,यह क्या कर रहे हो?''

"अपनी रूचि का काम कर रहा हूँ। आम का पौधा रोप रहा हूँ-" बूढ़े ने कहा। "इस उम्र में? इसके फल कब खाओगे, बाबा। "

"मैं फल नहीं खा सकता, तो क्या हुआ बेटे, तुम तो खा सकोगे न? मेरे तुम्हारे नाती-पोते तो खाएंगे? देखो, वह अमराई मेरे दादा ने लगाई थी, तो उसके फल मैंने खाए बहुत स्वादिष्ट और मीठे फल थे। मैं यह आम का पौधा लगा रहा हूँ। इसके फल मेरे नाती-पोते खाएँगे। "अरे वाह! बाबा कितनी अच्छी सोच है आपकी।"

1. ऊपर लिखे वाक्यांश में कितने विराम चिह्नों का प्रयोग हुआ है और उनके क्या नाम है बच्चे समूह में खोजकर नीचे चार्ट में अंकित करें।

| क्रमांक | विराम चिह्न का नाम | विराम चिह्न की आकृति | कितने बार प्रयोग हुआ है |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

2. बूढ़े आदमी की रूचि किसमें थी ?
3. पौधे क्यों और किसके लिए रोपे जा रहे थे ?
4. ऊपर लिखे वाक्यांश को पढ़कर नीचे दी गई तालिका में संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, विशेषण छाँटकर लिखो।

| संज्ञा | सर्वनाम | क्रिया | विशेषण |
|---|---|---|---|
| | | | |

## सुझावात्मक गतिविधि – 2

इस दक्षता को प्राप्त करने के लिए उपरोक्त गतिविधियों के द्वारा हम खेल विधि का प्रयोग करेंगे। यह एक प्रविधि है जो सक्रिय शिक्षण विधि का भाग है जिसमें शिक्षक सुविधादाता व बच्चे केन्द्र में होंगे। यह बाल केन्द्रित शिक्षा का भाग है।

**गतिविधि:-**

खेल विधि का प्रयोग -

1. इस गतिविधि में शिक्षक व्याकरण संबंधित (संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, कला, उपसर्ग, प्रत्यय, अंलकार आदि) व्याकरण जैसे विषयों से संबंधित छोटे-छोटे पर्ची बनाकर एक डिब्बे में एकत्र कर देंगे -
2. कक्षा में छात्रों को 5-5 या 10-10 के समूहों में बाँट दिया जाएगा।
3. पहले समूह का छात्र डिब्बे से एक पर्ची को निकालेगा।
4. पर्ची में उदाहरण स्वरूप पहले समूह ने संज्ञा निकला है।

किसान

| | |
|---|---|
| 5. | इसी प्रकार अन्य सभी समूहों को एक-एक पर्ची निकालने दिया जाएगा, जिसमें अन्य व्याकरण संबंधित उदाहरण होंगे। |
| 6. | अब शिक्षक के द्वारा श्यामपट का उपयोग कर संज्ञा के प्रकारों को लिखा जाएगा, तथा छात्रों से एक-एक उदाहरण पूछेंगे |
| उपरोक्त उदाहरणों को एक-एक कर पूरा किया जाएगा। | |
| 7. | इस गतिविधि के द्वारा छात्रों में व्याकरण की बारिकी को समझने व्याकरणिक इकाइयाँ काल, क्रिया इत्यादि को पूरा करवाना है। |

**सुझावात्मक गतिविधि – 3**

पठन सामग्रियों में प्रयुक्त शब्दों, मुहावरों, लोकोक्तियों को समझते हुए प्रश्नों के उत्तर दे पाते हैं। उत्तर दे पाने में सक्षम होंगे।
उपर्युक्त विषयांतर्गत इस अवधारणा के लिए सूची बनाने की प्रोजेक्ट विधि का उपयोग किया जाएगा
गतिविधि में चित्र उदाहरण स्वरूप दिया जाएगा।
कराए जाने वाली गतिविधि -
चित्रों का संकलन कर छात्रों को दिया जाएगा। इस पर भाषा सम्प्रेषण कौशल को विकसित किया जाएगा
चित्रों को देखकर छात्र संबंधित लोकोक्ति मुहावरे बोलेंगे लिखेंगे।

| क्र. | उदाहरण | हिंदी के मुहावरे | छत्तीसगढ़ी |
|---|---|---|---|
| 1 |  | 1---------------------<br>2---------------------<br>3---------------------<br>4---------------------<br>5--------------------- | 1---------------------<br>2---------------------<br>3---------------------<br>4---------------------<br>5--------------------- |
| 2 |  | 1---------------------<br>2---------------------<br>3---------------------<br>4---------------------<br>5--------------------- | 1---------------------<br>2---------------------<br>3---------------------<br>4---------------------<br>5--------------------- |
| 3 |  | 1---------------------<br>2---------------------<br>3---------------------<br>4---------------------<br>5--------------------- | 1---------------------<br>2---------------------<br>3---------------------<br>4---------------------<br>5--------------------- |

1. उपरोक्त चित्रों की भाँति शिक्षक अन्य चित्रों का उदाहरण देकर अंक, विषय संबंधित लोकोक्ति, मुहावरे, हाना का प्रयोग कर बच्चों से प्रतिक्रिया ले सकते हैं।
2. इस गतिविधि में शिक्षक बच्चों के साथ खेल विधि का प्रयोग कर प्रश्नोतरी आदि का विकल्प देकर उनका अर्थ पूछ सकते हैं।
3. इस गतिविधि के द्वारा छात्रों में मुहावरों, लोकोक्तियों को समझने की दक्षता विकसित हो पाएगी।

# सुघ्घर पढ़वईया

## दक्षता आधारित प्रशिक्षण संदर्शिका

## हिंदी

## कक्षा 8



राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़

| कक्षा - आठवीं | विषय - हिंदी |
| --- | --- |
| दक्षता विवरण | |
| 1. पढ़ी /देखी सामग्री पर विचार करते हुए दिए गए प्रश्न का उत्तर मौखिक/लिखित रूप में दे पाते हैं। | |
| सुझावात्मक गतिविधि | |

कक्षा आठवीं के बच्चों को किसी उत्सव के अभिनंदन पत्र, किसी आमंत्रण पत्र या चित्र दिखा कर प्रश्न किया जा सकता है। इस गतिविधि के माध्यम से पूर्व ज्ञान, वस्तु स्थिति, दिए गए चित्रों के आधार पर बच्चों की समझ को विकसित किया जा सकता हैं। जैसे -




1. इस गतिविधि में शिक्षक द्वारा कक्षा को दो समूह में बाँट कर चित्र दिखाकर बच्चों के ज्ञान के आधार पर अवधारणा को जोड़ा जा सकता है।

| क्र. | समूह अ (छात्रों का नाम) | अवधारणा | समूह ब(छात्रों का नाम) | अवधारणा |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |

1.इस गतिविधि के द्वारा भाषा हिंदी व स्थानीय भाषा की समझ को विकसित किया जा सकता है।

2. इस गतिविधि में समूह (अ) और (ब)के छात्रों से राज्य संबंधित जानकारियों की सूची बनवाया जा सकता है।
उदाहरण

| क्र. | भाषा | |
|---|---|---|
| 1. | राजधानी | |
| 2. | पर्यटन | |
| 3. | कुल जिले की संख्या | |
| 4. | छतीसगढ़ की साग-सब्जियाँ | |
| 5. | छत्तीसगढ़ी व्यंजन | |
| 6. | छत्तीसगढ़ी त्योहार | |
| 7. | छत्तीसगढ़ी पहनावा | |
| 8. | छत्तीसगढ़ी गहने | |

3. समूह (अ) व (ब) का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए शिक्षक छात्रों से चर्चा करेंगे।

4. छात्रों द्वारा दिए गए प्रतिक्रिया की भाषायी त्रुटियों को सुधारते हुए शिक्षक रिपोर्ट तैयार करेंगे।

**गतिविधि -** नीचे दिए गए चित्र को देखकर प्रश्नों के उत्तर दो -




प्रश्न 1. दिए गए चित्र के आधार पर इसके और क्या शीर्षक हो सकते हैं ? नाम सुझाओ|

प्रश्न 2. अपने पुस्तकालय के दस किताबों के नाम, उनके लेखकों के नाम की सूची बनाओ|

प्रश्न 3. दिए गए चित्र के आधार पर चार लाईन की कविता लिखो|

प्रश्न 4. दिए गये चित्र के आधार पर नई कहानी सृजन करो |

| कक्षा -आठवीं | विषय - हिंदी |
| --- | --- |
| **दक्षता विवरण** | |
| 2. विभिन्न स्थानीय, सामाजिक घटनाओं/मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दे पाते हैं। | |
| **सुझावात्मक गतिविधि** | |

स्वच्छ पर्यावरण के अभाव में प्रगतिशील एवं खुशहाल राष्ट्र की कल्पना असंभव है। पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए उसके प्रत्येक घटक को प्रदूषण से बचाना चाहिए। अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा रखना चाहिए। इसके लिए हमें जमीन, पानी के स्रोत, जंगल और वायुमंडल को अपनी छोटी-छोटी सुख-सुविधाओं के लिए प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से हानि पहुँचाने से बचाना चाहिए।

**गतिविधियाँ - 01**

1. शिक्षक द्वारा सर्वप्रथम उपर्युक्त अवतरण को विराम चिह्नों आदि का उचित इस्तेमाल करते हुए स्पष्ट स्वर में वाचन किया जाएगा।
2. शिक्षक बच्चों को दो-दो के जोड़े में पढ़ने को कहेंगे। जब एक बच्चा पढ़ रहा होगा, तब दूसरा बच्चा पढ़े जाने वाले अंश पर उंगली रख कर अनुसरण करेगा।
3. शिक्षक इस दौरान बारी-बारी से सभी बच्चों तक जाएँगे और उनका अवलोकन करेंगे। कठिनाई या समस्या होने पर बच्चे को पढ़ने में सहयोग अथवा मार्गदर्शन करेंगे।
4. अब शिक्षक उपस्थित बच्चों को दो समूहों में बाँटकर पढ़े गए अंश पर आपस में चर्चा करने को कहेंगे एवं आवश्यकतानुसार स्वयं भी चर्चा को गति देंगे।

**वर्कशीट**

1. छात्र चित्र बनाएँगे।

प्रदूषित पर्यावरण

स्वच्छ/प्रदूषण मुक्त पर्यावरण

2. प्रदर्शित चित्रों पर छात्रों से विवरण देने कहा जाएगा।

3. पर्यावरण संरक्षण हेतु स्लोगन/नारा, लिखें/बनाएँ।

| विवरण | नारे |
|---|---|
| | |

4. शिक्षक छात्रों को दो समूह में बाँटेंगे तथा बाँटे गए समूहों में से समूह क्रमांक 1 व समूह क्रमांक 2 से पर्यावरण प्रदूषण पर परिचर्चा करवाएँगे।
5. उपर्युक्त गतिविधि के आधार पर प्राप्त निष्कर्षों को समेकित करेंगे तथा मुख्य-मुख्य बिन्दुओं को श्यामपट पर लिखेंगे।

आकलन के प्रश्न -

1. उपर्युक्त अनुच्छेद के माध्यम से आपका ध्यान किस ओर आकृष्ट किया गया है ?
2. किन-किन कार्यों से पर्यावरण प्रदूषित होता है ?
3. जीव-जन्तु पर्यावरण के लिए किस रूप में उपयोगी हैं?
4. पर्यावरण संरक्षण में आप अपनी भूमिका कैसे निभाएँगे ?
5. पेड़-पौधे हमारे लिए क्यों जरूरी है?
6. मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए आप क्या करेंगे ?
7. दिए गए अनुच्छेद का उचित शीर्षक लिखिए।

(नोट- सभी छात्र अपना-अपना शीर्षक बताएँगे व अपने द्वारा बनाए गए शीर्षक की सार्थकता पर अपने विचार रखेंगे)

- दी गयी कविता का शिक्षक द्वारा उचित हाव-भाव, लय, यति-गति का ध्यान रखते हुए भावपूर्ण वाचन किया जाएगा –

**सप्तर्षिमण्डल**

सात तारों का समूह निराला,
चम्मच सी आकृति वाला।
नहीं पास में दण्ड कमण्डल,
फिर भी कहें सप्तर्षि मण्डल।
प्रथम वशिष्ठ, द्वितीय अंगिरा
अत्रि मरीच, पुलस्त्य पुलह।
और सातवाँ क्रतु तारा है,
साथ-साथ हो सदा उदय।
और अंत के दो तारे जो,
पुलह, क्रतु हैं कहलाते।

यदि सीध में देखो इनको,
दिशा वे ध्रुव की बतलाते।

**गतिविधि - 02**

1. शिक्षक छात्रों से चाँद-तारों के विषय में अनौपचारिक बातचीत करेंगे।
2. शिक्षक कविता को हाव-भाव के साथ पढ़कर सुनाएँगे। बच्चे भी शिक्षक का अनुसरण करेंगे।
3. शिक्षक उक्त कविता के भाव को बच्चों को समझाएँगे।
4. शिक्षक छात्रों को तारों के संबंध में रोचक तथ्य यथा पुच्छल तारे से संबंधित जानकारी देंगे।
5. शिक्षक छात्रों को ध्रुवतारा से संबंधित विष्णु भक्त 'ध्रुव' की कहानी भी सुनाएँगे।
6. शिक्षक छात्रों को सप्तर्षिमंडल के सातों तारों के नाम जो प्राचीन ऋषियों के नाम पर पड़ा है, उससे संबंधित बातें भी करेंगे।

**वर्कशीट -**

1. रात्रि के समय आसमान का दृश्य-चित्रांकन कीजिए और अपने अनुभव (कम से कम 4 पंक्तियाँ) लिखें -

**2. उचित संबंध जोड़िए -**

| अ | ब |
|---|---|
| 1. वशिष्ठ | तीसरा |
| 2. अंगिरा' | पाँचवा |
| 3. अत्रि | सातवाँ |
| 4. मरीच | पहला |
| 5. पुलस्त्य | दूसरा |
| 6. पुलह | चौथा |

7. क्रतु छठवाँ

3. नीचे दिये गए सप्तर्षियों के नाम को शब्दकोश के क्रम में जमाइए-

वशिष्ठ, अंगिरा, अत्रि, मरीच, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु

**गतिविधि के आधार पर आकलन के प्रश्न -**

1. सप्तर्षि मंडल के सातों तारों के नाम क्रम से बताइए।
2. सप्तर्षि मंडल वास्तव में क्या है?
3. सप्तर्षि आसमान में किस दिशा में दिखाई देते हैं?
4. 'ध्रुव तारा' की क्या विशेषता है?
5. रात में तारों से भरा आसमान आपको कैसा लगता है? उन बिखरे हुए तारों को देखकर आप कैसी-कैसी कल्पना करते हो?
6. सौर परिवार में कितने ग्रह हैं? उनके नाम, उनकी स्थितियों के अनुसार बताइए।
7. 'सप्तर्षि' शब्द का संधि विच्छेद कीजिए और संधि का नाम भी बताइए।
8. 'दण्ड-कमण्डल', 'सप्तर्षि-मंडल' इसी तरह के योजक चिह्न युक्त पाँच शब्द बताइए।
9. चाँद-तारों विषयक पूर्व में पढ़ी कोई कविता अथवा कहानी बताओ।

| कक्षा -आठवीं | विषय - हिंदी |
|---|---|
| **दक्षता विवरण** | |
| 3. भाषा की बारीकियों जैसे – संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, विश्लेषण, लिंग, वचन आदि पर अपनी समझ बना पाते हैं | |
| **सुझावात्मक गतिविधि** | |

सप्ताह की अवधारणा-दक्षता/

- पढ़ना / पढ़कर समझना (समझते हुए पढ़ना)।

शिक्षक कहानी को पूरे हाव-भाव एवं आरोह-अवरोह तथा विराम चिह्नों का ध्यान रखते हुए स्पष्ट स्वर में वाचन करेंगे। इस दौरान छात्रगण ध्यानपूर्वक सुनेंगे।

**कहानी**

बहुत पुरानी बात है। एक बादशाह था। एक दिन जब उसका दरबार लगा हुआ था, तभी उसके वजीर ने बताया कि दूर देश से दो व्यक्ति आए हैं और वे बादशाह सलामत के सामने पेश होने की इजाजत चाहते हैं। बादशाह ने इजाजत दे दी तो दोनों व्यक्ति दरबार में हाजिर हुए।

"तुम लोग कौन हो और यहाँ किसलिए आए हो? "बादशाह ने उनसे पूछा।

"हुजूर हम लोग जुलाहे हैं। हम ऐसे वस्त्र बुनते हैं, जो पूरी दुनिया में अपनी तरह से अनोखे होते हैं। हम हुजूर के दरबार में अपनी कला का प्रदर्शन करना चाहते हैं।" जुलाहे ने कहा।

"ऐसी क्या विशेषता है, तुम्हारे वस्त्रों में "?

"हमारे बुने हुए वस्त्र कसीदाकारी में तो बेजोड़ हैं ही हुजूर, लेकिन उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे केवल बुद्धिमान व्यक्तियों को ही नजर आते हैं। कोई मूर्ख उन्हें नहीं देख सकता।"

"यह तो बड़ी अच्छी बात है।" बादशाह ने अपने मन में सोचा- "इससे तो मुझे यह भी पता चल जाया करेगा कि मेरे दरबार में कौन मूर्ख हैं और कौन बुद्धिमान।"

"ठीक है।" बादशाह ने कहा- "तुम अपनी कला का प्रदर्शन कर सकते हो। तुम्हें इसकी इजाज़त दी जाती है।"

फिर बादशाह ने अपने वज़ीर को हुक्म दिया, कि वह इनके रहने तथा खाने का प्रबंध करें तथा इन्हें जिस चीज की आवश्यकता हो और जितना धन इन्हें चाहिए, वह सब इनके लिए उपलब्ध कराया जाए। दोनों जुलाहों ने झुककर बादशाह को सलाम किया और दरबार से चले गए।

वे दरअसल कोई जुलाहे नहीं थे कपड़े बुनने की कला से उनका दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं था।

वास्तव में वे दोनों ठग थे और उन्होंने बादशाह के वस्त्र प्रेम के बारे में सुन रखा था, इसलिए वे अपने ठग विद्या का प्रदर्शन करने आए थे।

- गतिविधियाँ -

नीचे दी गई गतिविधियों को संपन्न कराएँ।

**गतिविधि -1**

1. शिक्षक द्वारा कहानी का नाटकीय मंचन करवाया जाएगा ।
2. कहानी के अनुसार शिक्षक के मार्गदर्शन में छात्रों को बादशाह, वजीर, जुलाहे (दो) की भूमिका के निर्वहन की जिम्मेदारी दी जाएगी।
3. सभी पात्र अपनी-अपनी भूमिकानुसार अपने-अपने संवाद के अंश को हाव-भाव के साथ पढ़ेंगे।
4. इस दौरान शेष बच्चे शांति पूर्वक नाटकीय अभिनय को सुनेंगे व देखेंगे।
5. एक राज्य के राजा अथवा राज्य प्रमुख में कौन-कौन से गुण होने चाहिए? समूह में चर्चा कराएँगे।

**वर्कशीट**

1.पर्यायवाची लिखिए -

| | | |
|---|---|---|
| वस्त्र | | |
| प्रेम | | |
| मानव | | |
| पुराना | | |
| धन | | |

2.नीचे दिए गए शब्दों की जोड़ियाँ बनाइए -

| | | |
|---|---|---|
| बादशाह | - | अनुमति |
| वज़ीर | - | प्रणाम |
| इजाज़त | - | आदेश |
| हाज़िर | - | दृष्टि |
| नज़र | - | मंत्री |
| हुक्म | - | राजा |
| सलाम | - | उपस्थित |

3.नीचे दिए गए वाक्यों को पहचानिए और सही√ का निशान लगाइए -

i. तुम लोग कौन हो और यहाँ किसलिए आए हो ? (संयुक्तवाक्य/सरलवाक्य)

ii. हुज़ूर हम लोग जुलाहे हैं। (सरल वाक्य/मिश्र वाक्य)

iii. यह तो अच्छी बात है।(संयुक्त वाक्य/सरल वाक्य)

iv. हम ऐसे कपड़े बुनते हैं , जो अलग तरह के होते हैं। (सरल वाक्य/मिश्र वाक्य)

v. सकता। कोई मूर्ख उन्हें देख नहीं (सरल वाक्य/संयुक्त वाक्य)

4. नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं, इनको जोड़ते हुए एक छोटी कहानी बनाइए-

जुलाहा, कला, प्रेम, प्रदर्शन, विशेषता, वस्त्र, बाजार, ग्राहक, मूर्ख, प्रबंध, धन।

.............................................................

..............................................................

..............................................................

5. छात्र अकबर और बीरबल जैसी कुछ और कहानियाँ कक्षा में सुनाएँगे । इसमें शिक्षक बच्चों की मदद करेंगे।

**गतिविधि के आधार पर आकलन के प्रश्न -**

1. जब बादशाह का दरबार लगा था तब उसके वज़ीर ने क्या सूचना दी ?
2. बादशाह के दरबार में कौन लोग आए थे ? उन्होंने अपने आने का क्या उद्देश्य बताया?
3. बादशाह के बारे में उन्होंने क्या सुन रखा था ?
4. जुलाहे अपनी किस कला का प्रदर्शन करने आए थे ?
5. जुलाहों ने अपने द्वारा बनाए वस्त्र की क्या विशेषता बताई ?
6. बादशाह के दरबार में आने वाले व्यक्ति वास्तव में कौन थे?
7. यदि बादशाह की जगह आप होते तो क्या करते?
8. आपके अनुसार इस कहानी का क्या शीर्षक हो सकता है ?

**गतिविधि -2**

समाचार पत्र

आज समाचार पत्रों के बिना संसार की कल्पना नहीं की जा सकती है। ये आज के युग की प्रथम आवश्यकता है । सबसे पहला समाचार पत्र सत्रहवीं शताब्दी में रोम से निकला था। प्रेस का आविष्कार बहुत पहले 'फेक्सटन जर्मन' नामक एक शहर में सन् 1445 के आसपास हो चुका था। आज तो संसार में प्रतिदिन लाखों समाचार पत्र-पत्रिकाएँ प्रकाशित हो रही हैं।

**गतिविधि-:**

1. शिक्षक बच्चों को समाचार पत्र दिखाकर बताएँगे -कि यह समाचार पत्र है । इसमें विभिन्न प्रकार की खबरें छपती हैं।
2. शिक्षक समाचार पत्र की सार्थकता के बारे में बताएँगे।


3. समाचार से संबंधित बिन्दु जैसे- सामाजिक समाचार, आर्थिक समाचार, राजनैतिक समाचार, मनोरंजन समाचार किसे कहते हैं ? समाचार पत्र में वे कहाँ छपे रहते हैं, बताएँगे। फिर उन्हें, प्रत्येक को नीचे दिए गए खानों में छाँटकर लिखने के निर्देश देंगे।
4. शिक्षक छात्रों को समूहों में बाँटेंगे।
5. शिक्षक उन्हें समाचार पत्र पढ़ने को देंगे। निर्देशानुसार समाचार पत्र का अवलोकन करेंगे।
6. प्रत्येक समूह को किसी एक विषय जैसे- सामाजिक, राजनैतिक क्षेत्रों से संबंधित समाचार को अपनी भाषा में बोलने या लिखने कहेंगे।
7. इस कार्य में शिक्षक बच्चों की सहायता करेंगे।

**वर्कशीट -**

| | |
|---|---|
| **सामाजिक समाचार** | |
| **आर्थिक समाचार** | |
| **राजनैतिक समाचार** | |
| **मनोरंजन संबंधी समाचार** | |
| **खेलसंबंधी समाचार** | |
| **विदेशी समाचार** | |

1. दिए गए बिंदुओं के आधार पर छात्र विभिन्न समाचारों का चिह्नांकन करेंगे व लिखेंगे।
2. अपनी शाला की दिनचर्या को सुनाने कहें।
3. छत्तीसगढ़ में प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों के नाम लिखिए।

छत्तीसगढ़ के समाचार पत्र



4. समाचार पत्रों की आवश्यकता/प्रासंगिकता पर कक्षा में परिचर्चा (वाद-विवाद प्रतियोगिता) कराएँ।

5. अपने मुहल्ले में लोगों को कोई भी एक समाचार पत्र खरीदने और पढ़ने के लिए प्रेरित करना है। इसके लिए आप उनसे किस तरह बात करेंगे, संवाद के रूप में लिखिए।

6. कक्षा में अपने मित्र के साथ उसका अभिनय कीजिए।

7. अपने द्वारा बनाए जा रहे समाचार पत्र का कोई नाम/शीर्षक बनाइए।

**गतिविधि के आधार पर आकलन के प्रश्न -**

1. आपके गाँव में कौन-कौन से समाचार पत्र आते हैं? नाम लिखिए।
2. समाचार पत्रों की उपयोगिता लिखिए।
3. प्रेस का आविष्कार कहाँ और कब हुआ?
4. क्या आपके शाला में समाचार पत्र मंगवाएँ जाते हैं यदि हाँ तो कौन-कौन से नाम लिखिए।
5. समाचार पत्र में किस-किस तरह के समाचार छपते हैं?
6. विभिन्न समाचार पत्रों में पढ़े हुए किसी आदर्श सुवाक्य को याद करके सुनाइए।

**गतिविधि 3 -**

**नीचे दिए अनुच्छेद को पढ़कर गतिविधि पूर्ण करें -**

**फैशन**

**फैशन का अर्थ है-**

'प्रचलन या समय, देशकाल और वातावरण के अनुसार की गई साज-सज्जा। फैशन युग चेतना के अनुसार बदलता रहता है। वही फैशन अच्छा लगता है जिसमें बदलाव या नवीनता हो लेकिन उसमें भद्दापन न हो। फैशन व्यक्तित्व के निखार के लिए होता है, प्रदर्शन या उपयोग की वस्तु बन जाने के लिए कदापि नहीं। जब हम सब इस दिशा में सक्रिय होंगे तभी अपना एवं समाज का भला कर सकने में समर्थ हो सकेंगे।

**गतिविधि – 3**

1. शिक्षक के द्वारा सबसे पहले दिए गए अवतरण का पूरे मनोयोग से, उचित हाव-भाव, यति-गति, सही उच्चारण के साथ स्पष्ट स्वर में वाचन किया जाएगा।
2. अब दो-दो के समूह में बच्चों को यह अवतरण पढ़ने के लिए दिया जाएगा।
3. जब एक समूह जिसमें दो बच्चे हैं, पढ़ रहे हों, तब सभी के पास यह अवतरण उपलब्ध हो। शिक्षक यह सुनिश्चित कर लेंवे।
4. जब एक समूह पढ़ रहा हो तो दूसरे बच्चे उसके पढ़े जा रहे शब्दों को सुनकर अवतरण पर उंगली रखकर आगे बढ़ते जाएँगे।
5. अब पूरे बच्चों को चार/पाँच गोल घेरों में सावधानी पूर्वक बैठाकर उसमें से एक समूह का एक नायक चुन लिया जाएगा।

6. अब समूह नायक उस अवतरण को पढ़ेगा बाकी पुनः सुनेंगे और पढ़ी गयी लाइनों पर ऊंगली रखकर आगे बढ़ते जाएँगे।
7. जहाँ समूह नायक रुकेगा या कठिनाई महसूस करेगा, उसके दूसरे साथी आकर उस कार्य को करेंगे। इस सारी प्रक्रिया में शिक्षक सुविधादाता की भूमिका में रहेंगे।
8. अब दिए गए अवतरण पर सभी समूह में चर्चा करेंगे कि इसमें कौन-कौन सी बातें कही गयी हैं। किन चीजों के बारे में बताया गया है? इनमें कौन-से ऐसे शब्द हैं जो समझ में नहीं आ रहे हैं?
9. शिक्षक कठिन शब्दों का अर्थ समझने में विद्यार्थियों की मदद करेंगे।

**वर्कशीट**

1. नीचे दिए गए प्रयुक्त शब्द पढ़कर, पहचानकर बताइए कि कौन-सा हमारे पहनने के काम आता है और कौन-सा अन्य कामों के लिए होता है-

चादर साड़ी कुरता झुमका

तौलिया पोंछने का कपड़ा झाड़ू कमीज़

| पहनने के लिए | अन्य कार्यों के लिए |
|---|---|
| --------------------------------------- | --------------------------------------- |
| --------------------------------------- | --------------------------------------- |
| --------------------------------------- | --------------------------------------- |
| --------------------------------------- | --------------------------------------- |

2. अब पूरे बच्चों को चार/पाँच समूहों में बाँट दिया जाएगा।

- एक समूह का एक बच्चा चित्र बनाएगा, उसके साथी उस चित्र में क्या-क्या है ये बताएँगे।

| कमीज़ | कान का झुमका |
|---|---|
| | |

- इसमें समूह का प्रत्येक बच्चा उन चित्रों पर अपनी समझ के आधार पर दो-दो पंक्तियाँ लिखेंगे।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

निर्देश- ऊपर का नमूना केवल जानकारी के लिए है। बच्चे अवतरण को पढ़कर अपनी समझ के आधार पर उसी से संदर्भित चित्र बना सकते हैं।

| | |
|---|---|
| प्रदर्शन | |
| निखार | |
| वातावरण | |
| फैशन | |

दिखाना,निखरना,

आसपास का माहौल,

बनाव-श्रृंगार

**गतिविधि के आधार पर आकलन के प्रश्न -**

1. दी गई अधूरी पंक्तियों को अवतरण के आधार पर पूरी करें।

अ. प्रचलन या समय देशकाल ......................... साज-सज्जा।

ब. जब हम सब इस दिशा में ............................ समर्थ हो सकेंगे।

2. फैशन में भद्दापन नहीं होना चाहिए। यदि ऐसा हो तो क्या होगा?

3. फैशन का अर्थ क्या है?

4. 'प्रदर्शन' शब्द में कौन-सा उपसर्ग लगा है?

5. किस प्रकार का फैशन अच्छा लगता है?

6. आपके अनुसार उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक क्या होगा?

| **कक्षा - आठवीं** | **विषय - हिंदी** |
|---|---|
| **दक्षता विवरण** | |
| 4. विभिन्न पठन सामग्रियों में प्रयुक्त शब्दों, मुहावरों, लोकोक्तियों आदि पर अपनी समझ बना पाते हैं। | |
| **सुझावात्मक गतिविधि – 1** | |

ताजमहल दुनिया के आश्चर्यों में से एक है। अपनी सुंदरता के कारण यह महलों का ताज यानी बादशाह कहा जाता है। यह आगरा में यमुना के दाहिने किनारे पर बना हुआ है। यमुना के पानी में जब लहरें उठती हैं, तब इसकी शोभा कई गुना बढ़ जाती है। जब आकाश में चंद्रमा की रोशनी बिखरी होती है, तब ऐसा लगता है मानों ताजमहल दूध में स्नान कर रहा हो, इसमें जड़े हुए बहुमूल्य पत्थर चाँदनी को प्रतिफलित करते हुए, हीरे की तरह चमकने लगते हैं। शरद पूर्णिमा की रात को इसकी छटा निराली होती है, उस दिन अनगिनत दर्शक इसको देखने आते हैं। ताजमहल श्रेष्ठ कोटि के सफेद संगमरमर द्वारा बनाया गया है। बेल-बूटों की कारीगरी को देखकर दर्शक दाँतों तले उंगली दबाने लगते हैं। यहाँ भारतीय दर्शकों की अपेक्षा विदेशों से आने वाले दर्शकों की

संख्या अधिक होती है।

ताजमहल को मुगल बादशाह शाहजहाँ ने अपनी प्यारी बेगम मुमताज़ महल की याद में बनवाया था।

**गतिविधियाँ**

**गतिविधि - 1**

1. शिक्षक बच्चों को दो समूह में विभाजित कर लेंगे और एक समूह को भारत के मशहूर इमारत या धरोहर के नाम, दूसरे समूह को विश्व के धरोहर या इमारत के नाम लिखने को कहेंगे।
2. भारत सरकार इसकी सुरक्षा व रख रखाव किस प्रकार करती है? शिक्षक छात्रों को बताएंगे।
3. प्रत्येक बच्चे से इस गद्यांश का शीर्षक सोचकर लिखने, बोलेंगे।
4. बच्चों द्वारा लिखे गए शीर्षक को प्रत्येक बच्चे को पढ़ने कहेंगे।
5. शिक्षक श्यामपट पर लिखते जाएंगे।
6. शिक्षक उन्हें बताएंगे किस-किसने शीर्षक उपयुक्त दिया है?
7. दिए गए शब्दों का अर्थ स्पष्ट कीजिए। श्रेष्ठ, बहुमूल्य, नक्काशी
8. ''दाँतों तले ऊँगली दबाना'' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

**वर्कशीट**

1. एक कोई कहानी लिखे जिसमे मुहावरों का प्रयोग हुआ हो I

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

1. निम्नलिखित शब्दों से संबंधित मुहावरा लिखिए -

उँगली ------------------------------------------------------------------------------------------------

दाँत ------------------------------------------------------------------------------------------------

पानी ------------------------------------------------------------------------------------------------

घड़ा ------------------------------------------------------------------------------------------------

अँगूठा ------------------------------------------------------------------------------------------------

आस-पास ------------------------------------------------------------------------------------------

पाताल------------------------------------------------------------------------------------------------

खून------------------------------------------------------------------------------------------------

तारा------------------------------------------------------------------------------------------------

पीले-----------------------------------------------------------------------------------------------------


जीभ-----------------------------------------------------------------------------------------------------

2. निम्नलिखित मुहावरों अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करें

- तालू में जीभ न लगना ......................................
- अंगूठा दिखाना ......................................
- आसमान से बातें करना ......................................
- आकाश पाताल का अंतर होना ......................................
- खून पानी होना ......................................
- आँखों का तारा होना ......................................

**सुझावात्मक गतिविधि 02**

दिए गए गोले में पर्यायवाची शब्दों को भरो :-




दिए गए चित्र को देखकर बच्चे चित्र की समीक्षा करेंगे।



1) ................................

2) ................................

3) .................................

4) .................................

(4) निम्नलिखित तालिका में दिए गए भाव वाचक संज्ञा बनाइएः-

| क्र. | विशेषण | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|
| उदा. | **गहरा, लघु** | **गहराई, लघुता** |
| **1** | बड़ा | |
| **2** | गुरू | |
| **3** | सुंदर | |

(5) कक्ष की सामग्री को शब्दकोश के व्यवस्थित क्रम में जमाओ -

चाक, कुर्सी, कलम, श्यामपट्ट, किताब, कापी

इस तरह परिवेश की अन्य सामग्री की सूची बनाकर बच्चों को उन्हें व्यवस्थित क्रम शब्दकोश अनुसार में जमाने को कहना।